संख्या–cm-52
26/01/2019

खगड़िया के पूर्व विधायक राम बहादुर आजाद के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 26 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने खगड़िया के पूर्व विधायक राम बहादुर आजाद के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रख्यात राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजवादी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******